# छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर

**अपेक्स बैंक (Apex Bank)**

मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर(छ.ग.) 492002

Website : www.cgapexbank.com Email : cg.apexbank.ho@gmail.com

छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्र. 3819 दिनांक 21/10/2024

**छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में सीधी भर्ती के 09 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के संबंध में विस्तृत सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1971 दिनांक 22.08.2024 एवं सहकारिता विभाग/बैंक की वेबसाइट में प्रकाशित विस्तृत सूचना क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1971'अ' दिनांक 22.08.2024 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक–(2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग(ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक के सीधी भर्ती के कुल 09 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 18 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 30.09.2024 को किया गया, जिसमें 06 अभ्यर्थी अनुपस्थित हुए एवं 04 अभ्यर्थी अपात्र पाये गये। दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात् अभ्यर्थियों से प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन दिनांक 11.10.2024 को बैंक की वेबसाईट पर किया गया है।

अतः दिनांक 30.09.2024 को दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित समस्त अभ्यर्थियों – ANIL KUMAR, KHUSHBOO DEVNATH, PUSHPENDRA PRATAP SINGH RATHORE, MINKY SAHU, SOURABH BHUWAL एवं VIPEEN KUMAR CHANDRAVANSHI को **अंतिम अवसर** प्रदान करते हुए उन्हें दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र. | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | 25.10.2024 | प्रातः 11:30 बजे से | **छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मुख्यालय, सहकार भवन, प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, नवा रायपुर** |

उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि एवं स्थान पर निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। यदि दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि पर अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें चयन हेतु अपात्र माना जायेगा।

**उप महाप्रबंधक**

# दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निर्देश

**कनिष्ठ प्रबंधक– (2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ/मुख्य लेखापाल), उप प्रबंधक** एवं **सहायक प्रबंधक** के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की अर्हता की जांच हेतु आयु सीमा, शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन किया जाएगा।

उपरोक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन हेतु निम्नानुसार दस्तावेजों की मूलप्रति तथा अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति (02 प्रति) मान्य होगी :–

(1.) बैंक द्वारा प्रेषित सूचना पत्र ।

(2.) ऑन लाईन आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रति ।

(3.) जन्मतिथि के प्रमाण हेतु दस्तावेज जैसेः– जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल (10+2) प्रमाण पत्र जिससे जन्म तिथि प्रमाणित होती हो ।

(4.) आधार कार्ड एवं निवास के पते के सत्यापन के संबंध में प्रमाण–पत्र।

(5.) नवीनतम रंगीन 04 फोटोग्राफ, पहचान पत्र सहित ।

(6.) बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र/अंकसूची की मूल प्रति।

(7.) आयु में छूट संबंधी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र ।

(8.) अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट संबंधी प्रमाण पत्र।

(9.) उम्मीदवार यदि किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा/निगम/मण्डल/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/ स्वशासी संस्था में कार्यरत है तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र ।

(10.) अन्य ऐसे प्रमाण पत्र/दस्तावेज जिन्हें सत्यापन में प्रस्तुत किया जा सकता हो ।

दस्तावेजों के सत्यापन में अभ्यर्थियों के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य गैजेट्स रखने की अनुमति नहीं होगी। विस्तृत विज्ञापन में वर्णित पदवार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अन्य शर्तें पूरी नहीं करने की स्थिति पर अभ्यर्थी को चयन हेतु अयोग्य माना जावेगा, तद्नुसार चयन हेतु पात्र नहीं होंगे।

––00––